>

Title: Need to take steps to withhold the auction of Victoria Cross Medal in London awarded to martyr Shri Kripa Ram of Himachal Pradesh, during 2nd World War.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): मैडम, मैं आपके माध्यम से माननीय विदेश मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में जिला विलासपुर के भपराल गांव में शहीद नायक कृपा राम को 1946 में जार्ज क्रॉस मैडल से सम्मानित किया गया। उनकी धर्मपत्नी ब्रह्मी देवी ने सन् 2002 में पुलिस में यह सूचना लिखवाई कि जो जार्ज क्रॉस मैडल उन्हें दिया गया, वह चोरी हो चुका है। कुछ ही दिन पहले इंटरनेट पर यह सूचना मिली कि उस मैडल की ऑक्शन इंग्लैंड के डिक्स नूनन वेब लिमिटेड नीलाम घर में 2 दिसम्बर को की जानी है।

मैडम, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि हिमाचल पुलिस ने उस ऑक्शन हाउस के अधिकारियों को एक ई-मेल भी लिखी और उन्हें यह जानकारी भी उपलब्ध कराई कि यह चोरी किया हुआ मैडल है। इसकी ऑक्शन न की जाए। जब उस ऑक्शन हाउस की तरफ से हमारे पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली, तो पंजाब में मोगा नामक स्थान पर, कृपाल सिंह नामक एक व्यक्ति को पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार किया गया। उससे पता चला कि उसने फर्जी हलफनामा बनाया था और उस फर्जी हलफनामे को बनाने में एक एस.पी. चौधरी नाम के व्यक्ति का हाथ था। वह मैडल चोरी करने के बाद, दिल्ली के एक व्यापारी श्री एस.एल. जैन को बेच दिया गया, जिसकी ऑक्शन परसों यानी 2 दिसम्बर, 2009 को लंदन के उस नीलामीघर में हो रही है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि परसों उसकी नीलामी है। इस मैडल की नीलामी को रोकने के लिए, केन्द्र सरकार ब्रिटिश सरकार को लिखे और उस औक्शन हाउस को भी लिखे, ताकि उसकी औक्शन रोकी जा सके और जो मान-सम्मान एक पूर्व सैनिक का है, उसे लौटाया जा सके। यह निवेदन केवल मेरा ही नहीं है, बल्कि मैं पूरे हिमाचल वासियों की ओर से इस सदन में यह बात रखना चाहता हूं।

महोदया, यह एक बहुत बड़ा मुद्दा है। इस प्रकार से प्राचीन काल की मूर्तियों और इस प्रकार के मैडलों को चोरी कर के बाहर भेज दिया जाता है और वहां बहुत ऊंची-ऊंची कीमतों पर उन्हें नीलाम किया जाता है। अगर उन पर अंकुश लगाना है, तो कहीं न कहीं, कोई न कोई ऐसा निर्णय हमें लेना है, जिससे ऐसे काम रुक सकें। यदि आज जॉर्ज क्रॉस मैडल की कीमत देखी जाए, तो 50 लाख रुपए से ज्यादा कीमत है।

सभापति महोदया : माननीय सदस्य, आपने अच्छी प्रकार से अपनी बात कह दी है।

अतः अब आप अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : सभापति महोदया, मेरा केवल इतना निवेदन है कि ऑक्शन पर रोक लगाने के लिए केन्द्र सरकार लंदन स्थित नीलामीघर को सूचित करे और जॉर्ज क्रॉस मैडल की नीलामी रोकने के निर्देश दे और ब्रिटिश सरकार से भी निवेदन करे, ताकि उसकी नीलामी रोकी जा सके। मेरा यह निवेदन भी है कि उस मैडल को लंदन से मंगवाकर, हिमाचल प्रदेश के उस महान् शहीद की विधवा, जो अभी जिन्दा है, उसे सौंपा जाए। धन्यवाद।